जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

03 अक्तूबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में पुरस्कार वितरण के साथ 'हिंदी पखवाड़ा' का समापन

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में आज 03 अक्तूबर, 2024 को जामिया के मीर अनीस हॉल में 'हिंदी पखवाड़ा' का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित किया गया। जामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. मौहम्मद शकील इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे तथा जामिया के का. कुलसचिव श्री एम. नसीम हैदर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। प्रभारी-राजभाषा हिंदी प्रकोष्ठ, प्रोफेसर-हिंदी विभाग एवं जवाहरलाल नेहरू अध्ययन केंद्र की मानद निदेशक प्रोफ़ेसर इंदु वीरेंद्रा ने अतिथियों, शिक्षकों एवं उपस्थित कर्मचारियों का स्वागत करते हुए 'हिंदी पखवाड़ा' के अंतर्गत आयोजित की गई प्रतियोगिताओं और प्रदान किए जाने वाले पुरस्कारों पर प्रकाश डाला।

समापन समारोह में जामिया के वित्त अधिकारी सीए. शेख सफीउल्लाह; पुस्तकालयाध्यक्ष, डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सहायक वित्त अधिकारी, सहायक कुलसचिव तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल थे।

ज्ञातव्य है कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है, इस वर्ष भी हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 'हिंदी पखवाड़ा' का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन 16 से 30 सितम्बर 2024 तक किया गया। 'हिंदी पखवाड़ा' के समापन समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार राशि के साथ प्रमाण-पत्र तथा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर जामिया के का. कुलपति प्रो. मौहम्मद शकील ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं एक साल में न होकर समय-समय पर आयोजित होनी चाहिए जिससे कर्मचारियों में हिंदी भाषा में काम करने को लेकर उत्साह हो तथा कर्मचारी अपने कार्यालयी कार्य राजभाषा हिंदी में करें।

का. कुलसचिव श्री एम. नसीम हैदर ने हिंदी पखवाड़ा के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कार्यालयों में राजभाषा हिंदी को अधिक से अधिक प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने हिंदी पखवाड़ा के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए अतिथियों एवं कर्मचारियों की सराहना की।

कार्यक्रम समन्वयक प्रो. इंदु वीरेंद्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

राजभाषा हिंदी प्रकोष्ठ, कुलसचिव कार्यालय,
द्वारा आयोजित
हिंदी पखवाड़ा
(16–30 सितंबर,
के
एवं पुरस्कार
में आप सादर
शकील,
मिल्लिया
हैदर,
2024

एम. नसीम हैदर
का. कुलसचिव

हिंदी पखवाड़ा
समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह